## एक नजर में

### स्लॉट बुकिंग से चना खरीदी प्रभावित, किसानों में आक्रोश



**पिपलिया मंडी।** समर्थन मूल्य पर चना खरीदी को लेकर सरकार के दावों के बीच जमीनी स्तर पर अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। मल्हारगढ़ क्षेत्र के किसान स्लॉट बुकिंग व्यवस्था से परेशान हैं। पंजीयन के बावजूद स्लॉट नहीं मिलने से उन्हें उपज बेचने में कठिनाई हो रही है और बार-बार तारीख मिलने से आक्रोश बढ़ रहा है। पिपलियामंडी खरीदी केंद्र पर किसानों ने बताया कि ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया जटिल और तकनीकी समस्याओं से ग्रस्त है। साथ ही गुणवत्ता जांच के नाम पर बार-बार रोक-टोक से खरीदी धीमी हो रही है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ रहा है। शिकायतों के बाद कांग्रेस नेता अनिल शर्मा व अन्य पदाधिकारी केंद्र पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि नीतियां किसानों के हित में नहीं हैं और उन्हें कम दामों पर उपज बेचने को मजबूर किया जा रहा है। किसानों ने भावांतर योजना के तहत खरीदी, स्लॉट बुकिंग समाप्त करने तथा मुआवजा व बीमा राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

### कुरावन में रात्रि चौपाल, कलेक्टर ने बिछात पर बैठकर सुनीं समस्याएं



**मंदसौर।** जिले के दूरस्थ ग्राम कुरावन में आयोजित रात्रि चौपाल में कलेक्टर अदिति गर्ग ने ग्रामीणों के बीच बिछात पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र, सड़क सुधार, नाली निर्माण, बिजली व्यवस्था, बैंक सुविधा व सिंचाई योजनाओं सहित विभिन्न मांगें रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को टेक होम राशन वितरण, कुपोषित बच्चों की पहचान व विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस चौपाल में शामिल हुए।

### मई-दिवस के शहीदों की याद में रैली और आमसभा कल

**मन्दसौर।** सीटू जिला समिति मंदसौर की ओर से जारी प्रेस-नोट में कहा गया कि आज के इस दौर में जब जनतंत्र एवं संविधान पर हमले हो रहे हैं वहीं श्रम-संहिताओं एवं कृषि के काले कानून बनाकर म?दूरों एवं किसानों के अधिकारों पर हमले किये जा रहे हैं ऐसे में 12 फरवरी 2026 को भारत के मजदूरों-किसानों ने देशव्यापी ह?ताल कर इसका प्रतिरोध किया था। 1 मई मजदूर दिवस के शहीदों की याद में मजदूर-दिवस गांधी-चौराहे पर एक मई की शाम 6 बजे नगर के तमाम श्रम-संगठनों के द्वारा विशाल रैली एवं आम-सभा की जावेगी जिसे सीटू की ओर से बालूसिंह, कामरेड सईद चौधरी, बैंक इम्पलाइज यूनियन की ओर से कामरेड रमेशचन्द्र जैन, गजेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र राठौर व रमेश देवड़ा, आंगनवाड़ी यूनियन से संगीता जैन, आशा-उषा यूनियन से माधुरी सोलंकी तथा हूरबानो एवं एम.आर. यूनियन से कामरेड दिनेश चंदवानी सभा को संबोधित करेंगे।

# धन को भोग में कम और धर्म, सेवा-परोपकार में ज्यादा खर्च करो : डॉ. गौतममुनि

▶ श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन शास्त्री कॉलोनी में लिफ्ट और शेड का किया लोकार्पण



**मंदसौर। लगभग 10 वर्षों के बाद मंदसौर नगर में प.पू. जैन संत उपाध्याय डॉ. गौतममुनिजी म.सा. व सेवाभावी संत वैभवमुनिजी म.सा. का आगमन हुआ है। संतों के नगर आगमन के बाद प्रतिदिन स्थानकवासी जैन समाज के द्वारा विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।**

इसी तारतम्य में बुधवार को नई आबादी शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में लगभग 17 लाख रू. की लागत से लगायी गयी लिफ्ट व 5 लाख रू. की लागत से बने शेड (किचन हेतु) का लोकार्पण कार्यक्रम प.पू. जैन संत श्री गौतममुनिजी म.सा. आदि ठाणा 2 की पावन निश्रा में किया गया। इस मौके पर विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं शामिल हुए। धर्मसभा में लिफ्ट व शेड के कार्य में सहयोगी दानदाताओं का सम्मान किया गया। उसके बाद शांता मेहता धर्मपत्नी स्व. गजेन्द्र मेहता के द्वारा लिफ्ट का तथा वीणा नाहटा धर्मपत्नी स्व. वीरेन्द्र नाहटा द्वारा नवनिर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मेहता व नाहटा का स्वागत जैन दिवाकर महिला मण्डल नई आबादी के द्वारा दुपट्टा एवं माला पहनाकर किया गया। इस मौके पर किचन शेड बनने के बाद वहां प्रतिदिन उपयोग होने वाली आवश्यक वस्तुओं के दानदाताओं की घोषणा भी की गयी। यह उल्लेखनीय है कि बापूलालजी अशोक कुमार आशीष कुमार उकावत परिवार ने किचन शेड हेतु आवश्यक निर्माण कार्य कराने की घोषणा की है। किचन शेड बनने से चातुर्मास अवधि में भोजनशाला कार्य संचालन में सुविधा होगी। लिफ्ट के लिये 13 लाख रू. की राशि दानदाताओं से एवं 5 लाख रू. की राशि श्री संघ ने व्यय की है।

धर्मसभा में प.पू. उपाध्याय श्री गौतममुनिजी म.सा. ने कहा कि धन को भोग विलास में मत उ?ाओ उसे धर्म, सेवा व परोपकार के कार्य पर खर्च करो। धन की तीन गति है भोग, दान व नाश। इसलिये जीवन में दान पुण्य करो। आपने कहा कि धन कमाने से ज्यादा धर्म में पुरुषार्थ करना कठिन है। मानव जीवन मिला है तो इसे केवल धन कमाने, आहार करने, निद्रा एवं काम वासना में मत गंवाओ धर्म में पुरुषार्थ करो। मनुष्य चाहे जितना धन कमा ले कभी संतुष्टि होती नहीं है इसलिये जीवन में धन के पीछे मत भागो जो धन कमाया है उसका कुछ भाग धर्म, सेवा व परोपकार पर खर्च करो।

आपने कहा कि जीवन में कोई किसी का नहीं है धन के लिये पत्नि व संतान पति व पिता की हत्या भी कर सकती है यह आज से नहीं सदियों से होता रहा है जैन दर्शन में कोणिक का वृतान्त है जो कि अपने पिता क्षणिक को प्रतिदिन प्रता?ित करता था इसलिये धन की नहीं धर्म की चिन्ता करो। जीवन में यदि अपना आत्मकल्याण करना है तो सेवा व परोपकार के कार्य में धन खर्च करने में कभी पीछे मत रहो जो ऐसा करता है वह अपना अगला भव अवश्य ही सुधार लेता है। स्थानकवासी जैन समाज में ऐसे दानदाता हैं जो कि सेवा व परोपकार के कार्य में अग्रणी रहते हैं। धार्मिक स्थान पर धन का दान करने वाले भाग्यशाली होते हैं। लिफ्ट व किचन शेड में राशि देकर दान दाताओं ने धर्म की उत्कृष्ट सेवा की है। धर्मसभा में प.पू. श्री वैभवमुनिजी म.सा. ने भी अपने विचार रखे। धर्मसभा का संचालन अशोक झेलावत ने किया। धर्मसभा के उपरांत डॉ. संजीव नरेन्द्र मेहता परिवार एवं अनिल, अभिनव, लकी तलेरा परिवार के द्वारा प्रभावना वितरित की गयी।



## कलेक्टर ने बर्डिया पूना और देवरी का किया निरीक्षण, पशुपालकों से की चर्चा

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने विकासखंड गरोठ के ग्राम बर्डिया पूना में क्षीरधारा का निरीक्षण कर पशुपालकों से संवाद किया। उन्होंने एचएफ जर्सी गायों व दुधारू भैंसों काी अवलोकन करते हुए दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने और सांची सहकारी संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान पशु-पक्षियों हेतु बनाए गए पेयजल होद की सराहना की गई। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत करीब 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण कर उसकी गहराई बढ़ाने व आसपास पौधारोपण के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत देवरी में नव निर्मित मॉडल पंचायत भवन का अवलोकन किया। भवन के हाल, किचन व वेटिंग रूम सहित रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रिचार्ज पीट की जानकारी ली तथा नागरिकों से स्व-गणना में भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने राहगीर अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण का भी मौके पर निरीक्षण किया और सहयोग करने वाले लोगों के नाम शिलापट्ट पर अंकित करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित अन्य मौजूद थे।

**एक नजर** ▶ प्रबंधन कमेटी ने किया दंपती का सम्मान

## शादी की सालगिरह पर गायों को खिलाया हरा चारा

**मंदसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर शाखा द्वारा बस स्टैंड स्थित गौशाला में सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। संस्था के निवृत्तमान अध्यक्ष वीर भागचंद खंडेलवाल एवं वीरा विनीता खंडेलवाल ने अपनी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गौ माता को आहार कराते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।**



इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि जीवन के विशेष अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ना अत्यंत सराहनीय है। यह भगवान महावीर की अहिंसा एवं जीव दया की भावना को साकार करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा लाभार्थी परिवार का माला एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया एवं सभी ने गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल मेंबर राकेश जैन, जॉन ट्रेजर संजय चौधरी, जॉन कोर्डिनेटर गुणवान सिंह कोठारी पूर्व अध्यक्ष विपिन कोठीफोडा, उपाध्यक्ष अनिल बाफना, यश चौधरी, सहसचिव योगेश भट्ट, सह कोषाध्यक्ष अशोक ओस्तवाल, प्रवक्ता नवीन छिंगावत, मीडिया प्रभारी पवन सोनी, कार्यकारणी सदस्य अनिल खबिया, विजय ओस्तवाल, लोकेंद्र फांफरिया, अखिलेश धींग, भावेश बक्षी, राजेश गर्ग, राजेश नामदेव, महेश धनोतिया, दिलीप कुमावत, प्रदीप जैन, मांगीलाल राठौर, पंकज मित्तल, सुशील बोथरा उपस्थित रहे।

वायब्रंट वीरा ग्रुप की संस्थापक अध्यक्ष प्रज्वी जैन, अध्यक्ष अंतिम बक्षी एवं सुनीता कुदार, स्वीटी चौधरी, रीना फांफरिया, अनीता फांफरिया, शीला ओस्तवाल, रेखा धींग, श्वेता नामदेव, माहू बोथरा उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सचिव ऋषभ फाफरिया द्वारा किया गया तथा अंत में आभार सह कोषाध्यक्ष अशोक ओस्तवाल ने व्यक्त किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र अहीर (प्यासा) का निधन, पंचतत्व में विलीन



**नीमच।** बघाना निवासी वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र अहीर(प्यासा) का करीब 55 वर्ष की आयु में सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि को ह्रदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया. हंसमुख, मिलनसार एवं सेवाभावी प्रवृत्ति वाले महेंद्र अहीर अपने दोस्तों एवं परिचितों में प्यासा के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने अनेक स्थानीय समाचार पत्रों एवं समाचार चैनल पर पत्रकार के रूप में कार्यकर अपनी पहचान बनाई. वे सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने के साथ ही कांग्रेस मे भी निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया. अहीर मोहल्ला बघाना स्थित निवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों, रिश्तेदारों, पत्रकारगणो व गणमान्य नागरिको ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी. बघाना स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार हुआ. मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार का श्री धर्मेंद्र शर्मा, श्री विष्णु परिहार, श्री श्याम गुर्जर, श्री अभिषेक कोठारी, पूर्व पार्षद श्री जुगल किशोर अहीर, अहीर समाज के श्री जगमोहन कटारिया, श्री दिलीप कटारिया आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर श्री महेंद्र अहीर के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

### सुलह का वादा टूटा तो उग्र हुए ग्रामीण, किशोरी की बरामदगी न होने पर भड़की हिंसा, पत्थरबाजी के बाद झोपड़ी फूंकी, पुलिस तैनात

**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढीकरिया गांव से करीब 9 दिन पहले एक 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण हो गया था। किशोरी की बरामदगी न होने से गुस्साए टाटियाखेड़ी के ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते विरोध ने हिंसा का रूप ले लिया। इसके बाद गांव में जमकर पत्थरबाजी हुई और आक्रोशित ग्रामीणों ने एक झोपड़ी को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है। घटनाक्रम की शुरुआत 19 अप्रैल की रात को हुई थी, जब ढीकरिया निवासी एक 16 साल की किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। परिजनों ने जोरावरपुरा निवासी पिंटू गरासिया पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में नीमच सिटी थाने में पूर्व में ही प्रकरण दर्ज कराया गया था, लेकिन पुलिस अब तक उसे ढूंढ़ने में नाकाम रही। समाज की पंचायत में यह आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर लड़की को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे जैसे ही पंचायत द्वारा दी गई मोहलत खत्म हुई, ढीकरिया और आसपास के ग्रामीण टाटियाखेड़ी पहुंचे। गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इसी बीच, भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने गांव के बाहर बनी एक झोपड़ी में आग लगा दी।

### 27 साल बाद ज्येष्ठ अधिक मास में शनिश्चरी अमावस्या का महासंयोग



**नीमच।** पंचांग की गणना के अनुसार 27 साल बाद ज्येष्ठ अधिकमास में शनिश्चरी अमावस्या पर 16 मई को शनिश्चरी अमावस्या का महासंयोग बनने जा रहा है। इस दिन मोक्षदायिनी शिप्रा के त्रिवेणी संगम पर पर्व स्नान होगा। देशभर से हजारों भक्त उज्जैन पहुंचेंगे। शाम को शहर के शनि मंदिरों में भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। ज्येष्ठ अधिकमास में शनिश्चरी अमावस्या का ऐसा ही संयोग सन 1999 में बना था। ज्योतिषाचार्य पं. शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया भारतीय ज्योतिष शास्त्र में न्याय के देवता माने जाने वाले शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर हुआ था। इस बार ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या 16 मई को शनिवार के दिन आ रही है। शनिवार के दिन अमावस्या होने से यह शनिश्चरी अमावस्या कहलाएगी।

# खेतों में सोलर पंप से चमका किसानों का भविष्य

▶ प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत नीमच जिले में 240 सोलर पंप स्थापित



**नीमच। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत नीमच जिले में किसानों के खेतों पर सोलर पंप स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने हेतु अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है।**

अक्षय ऊर्जा विभाग के नीमच जिले के प्रभारी अधिकारी संतोष कुमार ने बताया किसान गोविन्द पाटीदार भड़भड़िया, राजेन्द्र पाटीदार कैलाश चंद्र पाटीदार भड़भड़िया, लक्ष्मी नारायण राम सुख पाटीदार भड़भड़िया, भगतराम बाबूलाल मोड़ी तहसील जावद, मनोहर लाल शर्मा ग पिपलोंन, मदन लाल मथुरालाल पाटीदार पिपलोन, शिवा बाई नानुगीर गोस्वामी पीपलोन, कमला बाई शालिग्राम गांव रेवली देवली के खेत पर स्थापित सोलर पंपों का अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया।

मौके पर स्थापित सोलर पैनल संरचना एवं पंप सिस्टम सुचारू रूप से कार्यशील पाया गया है। किसान द्वारा योजना का लाभ लेकर अपने खेत में सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई शुरू कर दी गई है।

**जिले में योजना की स्थिति:** प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अब तक 240 किसानों के खेतों में सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं। कुल 1525 किसानों को कार्यादेश जारी किए गए हैं, जिनमें से 1227 किसानों के खेतों में पंप स्थापना का कार्य वेंडर एजेंसियों द्वारा प्रगति पर है।

**शासन का सहयोग:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप योजना के तहत पात्र किसानों को सोलर पंप स्थापना हेतु 90% अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे किसानों को डीजल व बिजली के खर्च से राहत मिली है तथा वे निर्बाध सिंचाई कर पा रहे हैं।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कहा, कि सोलर पंप पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक है। जिले के सभी पात्र किसान योजना का लाभ लेकर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनें। अक्षय ऊर्जा विभाग एवं वेंडर एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं, कि शेष कार्यादेशों पर शीघ्र कार्य पूर्ण कर किसानों को लाभान्वित किया जाए।

## अवैध खनन पर कलेक्टर का सख्त रूख, लगाया 19 लाख 18 हजार से ज्यादा का जुर्माना

▶ शासकीय भूमि से 1279 घनमीटर पत्थर का अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खननकर्ता पर 19,18,500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। प्रकरण का विवरण: खनिज अधिकारी के प्रतिवेदन एवं मौका पंचनामा के अनुसार ग्राम मोरवन डेम के पास शासकीय भूमि सर्वे नंबर 977/2, 974/2 व 977/1/1 पर पत्थर का अवैध उत्खनन होना पाया गया।**

ग्राम मोरवन स्थित भूमि सर्वे नंबर 977/4 में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी बाउण्ड्री वाल का निर्माण एक निर्माण एजेंसी द्वारा पेटी कान्ट्रेक्ट पर किया जा रहा है। मौके पर जांच में पाया गया कि मोरवन डेम के पास से उत्खनित पत्थर बाउण्ड्री वाल निर्माण हेतु विक्रय करना पाया गया।

**उपयोग की गई मात्रा:** बाउण्ड्री वाल निर्माण में उपयोग किए गए खनिज की कुल मात्रा 2065 घनमीटर थी, जिसमें रेत एवं सीमेंट (मोर्टार) की मात्रा 786 घनमीटर होना पाई गई। इस प्रकार 1279 घनमीटर पत्थर का उपयोग बिना रॉयल्टी के अवैध रूप से किया गया है।

**अधिरोपित शास्ति:** मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 अध्याय पांच नियम 18(2) के तहत निम्नानुसार शास्ति अधिरोपित की गई:- खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि: 9,59,250 रुपए पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि: 9,59,250 रुपए कुल धनराशि 19 लाख 18 हजार 500 रुपए जुर्माना लगाया।

खनिज अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 19,18,500/- रु. चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अनावेदक द्वारा जुर्माना राशि निश्चित समयावधि में जमा नहीं कराने पर उसके विरुद्ध भू-राजस्व संहिता में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर भू-राजस्व के समान वसूली की जावेगी। कलेक्टर चंद्रा ने स्पष्ट किया, कि शासकीय भूमि से अवैध उत्खनन गंभीर अपराध है।

**एक नजर** ▶ 2001 में बड़गाम में तैनाती के दौरान वीरगति को हुए थे प्राप्त

## सीआरपीएफ के वीर बलिदानी को शहादत दिवस पर किया नमन, मूर्ति का भी अनावरण

**नीमच। देश के अमर वीर शहीदों के आत्म बलिदान को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करना तथा उनके परिजनों को सर्वोपरि सम्मान देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।**



स्मरण रहे कि कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों को सर्वस्व न्यौछावर करने वाले नीमच जिले के रामपुरा ग्राम के निवासी सीआरपीएफ के अमर वीर बलिदानी सिपाही बद्री प्रसाद ने वर्ष 2001 में 122 बटालियन में तैनाती के दौरान आज ही के दिन यानि 29 अप्रैल को जम्मू व कश्मीर के बड़गाम जिले के बीरवाह थाना क्षेत्र के मालापुर गांव में आंतकवादियों से डटकर मुकाबला करते हुए मां भारती की सेवा में अपने कर्तव्य पथ पर प्राणों को आहुति दी थी। इसी कड़ी में ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, नीमच द्वारा अप्रतिम पहल करते हुए उन शहीदों की पुण्य तिथि पर उनके स्मरण तथा शहादत को नमन करने हेतु बुधवार को श्री सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, नीमच के नेतृत्व में श्री प्रमोद कुमार साहू, कमाण्डेंट, श्री रोहताश कुमार, सहायक कमांडेंट व ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ, नीमच के अन्य जवानों ने वीर बलिदानी के गृह निवास पर पहुंचकर शहीद के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ ही आज उक्त वीर बलिदानी के मूर्ति का भी अनावरण किया गया।

इस मौके पर स्थानीय विधायक एवं गणमान्य नागरिक तथा परिजनों की सादर उपस्थिति में सीआरपीएफ की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई। अंत में श्री सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक तथा श्री प्रमोद कुमार साहू, कमाण्डेंट, ग्रुप केंद्र, नीमच शहीद परिवारजनों के गृहनिवास में गए तथा उनको आश्वासित किया गया कि वे सीआरपीएफ परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं और साथ ही उन्हें यह भी भरोसा दिलाया गया कि उनके हरेक सुख-दुख में सीआरपीएफ सदैव उनके साथ खड़ी है और सीआरपीएफ इन वीर बलिदानी के परिवाजनों के हर संभव सहयोग व सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। शहीद के परिजनों के प्रति अपनत्व एवं कृतज्ञता प्रकट करना एवं उन्हें खुशहाल देखना ही सही मायने में शहीदों के प्रति सम्मान है।